**Series JBB/5** **SET-3**

कोड नं.
Code No. **32/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **17 + 1** मानचित्र हैं । | (I) Please check that this question paper contains **17** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **35** questions. |
| (IV) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **क, ख, ग** एवं **घ** । इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **35** है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **20** तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **28** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों में लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **29** से **34** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **35** मानचित्र आधारित है । यह प्रश्न **6** अंक का है, जो कि इतिहास से (**35(a)** – **2** अंक) तथा भूगोल (**35(b)** – **4** अंक) से संबंधित है ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिन्दुवार होने चाहिए और साथ ही उपर्युक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(viii)* ***मानचित्र** को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

StudentSuvidha.com
downloaded from

**खण्ड क**

**1.** निम्नलिखित तालिका को A और B के लिए सही जानकारी के साथ पूरा कीजिए : *1*

| **गन्ने की फ़सल** | अपेक्षित वार्षिक वर्षा | जलवायु | इसकी वृद्धि के लिए अपेक्षित तापमान (डिग्री में) |
|---|---|---|---|
| | A – ? | उष्ण और आर्द्र | B – ? |

**2.** लेटराइट मृदा में कृषियोग्य मुख्य व्यावसायिक फ़सल का एक उदाहरण लिखिए । *1*

**अथवा**

सामुदायिक स्वामित्व वाले संसाधनों का कोई एक उदाहरण लिखिए । *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *Question paper comprises* ***four*** *Sections – **A**, **B**, **C** and **D**. There are **35** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A*** *– Question no. **1** to **20** are very short answer type questions, carrying **1** mark each.*

*(iii)* ***Section B*** *– Question no. **21** to **28** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(iv)* ***Section C*** *– Question no. **29** to **34** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(v)* ***Section D*** *– Question no. **35** is map based, carrying **6** marks with two parts, **35(a)** from History (**2** marks) and **35(b)** from Geography (**4** marks).*

*(vi)* *Answers should be brief and to the point; also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. **Only one of the choices** in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *Attach **map** along with your answer-book.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

downloaded from StudentSuvidha.com

## SECTION A

**1.** Complete the following table with correct information for A and B : *1*

| **Sugarcane Crop** | Annual Rainfall required | Climate | Temperature required for its growth (in degrees) |
|---|---|---|---|
| | A – ? | Hot and Humid | B – ? |

**2.** Give one example of the main commercial crop cultivable in laterite soil. *1*

**OR**

Give one example of the Community Owned Resources. *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक निजी क्षेत्रक का उद्योग है ? *1*

(A) बी.एच.ई.एल. (BHEL)

(B) टिस्को (TISCO)

(C) ओ.आई.एल. (OIL)

(D) सेल (SAIL)

**4.** प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया था ? *1*

**अथवा**

तेरहवीं शताब्दी के दौरान, इटली में वुडब्लॉक वाली छपाई की तकनीक का ज्ञान कौन लाया था ? *1*

**5.** 1930 में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा दलितों के लिए बनाई गई एसोसिएशन का नाम लिखिए । *1*

**6.** निम्नलिखित कथन को सही कर, दुबारा लिखिए : *1*

बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) का गठन मायावती के नेतृत्व में हुआ ।

**7.** कृष्णा निकट के खेत में कृषि मज़दूर के रूप में बहुत कम मज़दूरी पर काम करती है । अचानक बीमार पड़ने पर या परिवार में किसी समारोह पर खर्च करने के लिए भी उसे कर्ज लेना पड़ता है । भूस्वामी उसे 5 प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर ऋण देता है । वर्तमान में उसे भूस्वामी के ₹ 5,000 देने हैं ।

ऊपर दी गई ऋण व्यवस्था का विश्लेषण कीजिए । *1*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**3.** Which one of the following is a private sector industry ? *1*

(A) BHEL

(B) TISCO

(C) OIL

(D) SAIL

**4.** Who invented the Printing Press ? *1*

**OR**

Who brought the knowledge of woodblock printing technique to Italy during the 13th century ? *1*

**5.** Name the association formed by Dr. B.R. Ambedkar for Dalits in 1930. *1*

**6.** Correct the following statement and rewrite it : *1*

Bahujan Samaj Party (BSP) was formed under the leadership of Mayawati.

**7.** Krishna is working in a neighboring field with very less wages. Expenses on sudden illnesses or functions in the family are also met through loans. The landowner charges an interest rate of 5 percent per month. At present she owes the landowner ₹ 5,000.

Analyse the credit arrangements given above. *1*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**8.** नीचे दो कथन दिए गए हैं जिन्हें दृढ़कथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है । कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । *1*

*दृढ़कथन (A) :* भारत में सरकार किसानों से उचित मूल्य पर गेहूँ और चावल खरीदती है ।

*कारण (R) :* सार्वजनिक क्षेत्रक आर्थिक विकास में योगदान देता है ।

***विकल्प :***

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, परन्तु (R) सही है ।

**9.** भारत में वैश्वीकरण के कारकों के संबंध में सही कथन का चयन कीजिए : *1*

I. परिवहन प्रौद्योगिकी में सुधार ।

II. विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश का उदारीकरण ।

III. विकसित देशों की तुलना में भारत के प्रति विश्व व्यापार संगठन के अनुकूल नियम ।

नीचे दिए गए कोड में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल I और II

(B) केवल I और III

(C) केवल II और III

(D) केवल III

StudentSuvidha.com
downloaded from

**10.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

भारत में मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) का स्तर ____________ के माध्यम से सुधारा जा सकता है ।

**11.** भारत में डाक व्यवस्था को बेहतर बनाने का कोई एक उपाय सुझाइए । *1*

**12.** भारत में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाने का कोई एक उपाय सुझाइए । *1*

**13.** भारत में स्थानीय प्रशासन में महिलाओं को कितना प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है ? *1*

**अथवा**

भारत में प्रत्येक राज्य में पंचायत और नगरपालिका चुनाव कराने के लिए कौन-सी संस्था बनाई गई है ? *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**8.** Given below are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option. *1*

*Assertion (A) :* The Government of India buys wheat and rice from farmers at fair price.

*Reason (R) :* Public sector contributes to the economic development.

***Options :***

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**9.** Choose the correct statement about factors regarding globalization in India : *1*

I. Improvement in transportation technology.

II. Liberalization of foreign trade and foreign investment.

III. Favourable rules of WTO towards India in comparison to developed countries.

Choose the correct options from the codes given below :

(A) Only I and II

(B) Only I and III

(C) Only II and III

(D) Only III

downloaded from StudentSuvidha.com

**10.** Fill in the blank : *1*

Human Development Index (HDI) level in India can be improved through ________________ .

**11.** Suggest any one way to improve the postal system in India. *1*

**12.** Suggest any one way to enhance the use of Natural Gas in India. *1*

**13.** What percentage of reservation is given to women in local administration in India ? *1*

**OR**

Which institution has been created in each State of India to conduct Panchayat and Municipal elections ? *1*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**14.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : *1*

आधुनिक भारत में जाति की संरचना और जाति व्यवस्था में भारी बदलाव आया है क्योंकि ______________ ।

**अथवा**

भारतीय संविधान सभी नागरिकों और समुदायों को किसी भी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की आज़ादी देता है क्योंकि ______________ ।

**15.** नीचे दिए गए विकल्पों में से सविनय अवज्ञा आंदोलन में औद्योगिक श्रमिकों की ग़ैर-भागीदारी के उचित कारण की पहचान कीजिए । *1*

(A) उद्योगपति काँग्रेस के करीब थे

(B) अंग्रेज़ों ने उन्हें अच्छा वेतन प्रस्तावित किया

(C) वे विदेशी सामान के बहिष्कार के प्रति अनिच्छुक थे

(D) समाजवाद का विकास

**16.** फ्रेड्रिक सॉरयू के चित्र 'विश्वव्यापी प्रजातांत्रिक और सामाजिक गणराज्यों का स्वप्न' में स्वतंत्रता की प्रतिमा के महत्त्व की परख कीजिए । *1*

**17.** साइमन कमीशन भारत में क्यों आया था ? निम्नलिखित विकल्पों में से सही कारण की पहचान कीजिए । *1*

(A) अंग्रेज़ों के विरुद्ध शहरों में अभियान को नियंत्रित करने के लिए

(B) अंग्रेज़ों के कामकाज पर ध्यान देने के लिए

(C) भारत में नमक कानून को आरंभ करने के लिए

(D) भारत में संवैधानिक व्यवस्था की कार्यशैली में परिवर्तन के सुझाव देने के लिए

**18.** राजा राम मोहन राय द्वारा प्रकाशित किताब का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

'*अमर जीवन*' किताब के लेखक का नाम लिखिए । *1*

**19.** तानाशाही शासन में आर्थिक विकास का कोई एक उदाहरण लिखिए । *1*

**20.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित जोड़े का चयन कीजिए : *1*

(A) ऑटो वॉन बिस्मार्क — जर्मनी

(B) नेपोलियन — स्पेन

(C) ज्युसेपे गैरीबॉल्डी — फ्रांस

(D) बूर्बों राजा — इटली



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**14.** Fill in the blank : *1*

Castes and Caste system in modern India have undergone a great change because ____________ .

**OR**

The Indian Constitution provides to all individuals and communities freedom to profess, practise and propagate any religion because _______ .

**15.** Identify the appropriate reason from the following options, for the non-participation of industrial workers in the Civil Disobedience Movement. *1*

(A) Industrialists were close to the Congress

(B) British offered them good salaries

(C) They were reluctant towards the boycott of foreign goods

(D) Growth of Socialism

**16.** Examine the significance of the Statue of Liberty in Frédéric Sorrieu's paintings, 'The Dream of Worldwide Democratic and Social Republics'. *1*

**17.** Why did the Simon Commission come to India ? Identify the correct reason from the following options. *1*

(A) To control the campaign against the British in cities

(B) To look into the functioning of the British

(C) To initiate salt law in India

(D) To suggest changes in the functioning of the constitutional system in India

**18.** Name the book published by Raja Ram Mohan Roy. *1*

**OR**

Name the author of '*Amar Jiban*'. *1*

**19.** Give any one example of economic development in dictatorial regimes. *1*

**20.** Choose the correctly matched pair from the following : *1*

(A) Otto Von Bismarck — Germany

(B) Napoleon — Spain

(C) Giuseppe Garibaldi — France

(D) Bourbon Kings — Italy

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड ख

**21.** राष्ट्र के विचार के निर्माण में संस्कृति ने एक अहम भूमिका किस प्रकार निभाई ? अठारहवीं शताब्दी के यूरोपीयन रूमानीवाद के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए । *3*

**22.** "खनिज हमारे जीवन के अपरिहार्य भाग हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**

"खनिज अनेक रूपों में पाए जाते हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । *3*

**23.** नीचे दिए गए उद्धरण को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए : *1+2=3*

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत से ही धार्मिक मसलों को लेकर बहसों का बाज़ार गर्म था । अलग-अलग समूह औपनिवेशिक समाज में हो रहे बदलावों से जूझते हुए, धर्म की अपनी-अपनी व्याख्या पेश कर रहे थे । कुछ तो मौजूदा रीति-रिवाजों की आलोचना करते हुए उनमें सुधार चाहते थे, जबकि कुछ अन्य समाज-सुधारकों के तर्कों के ख़िलाफ़ खड़े थे । ये सारे वाद-विवाद प्रिंट में, सरेआम पब्लिक में हुए । छपी हुई पुस्तिकाओं और अख़बारों ने न केवल नए विचारों का प्रचार-प्रसार किया, बल्कि उन्होंने बहस की शक्ल भी तय की । इन बहसों में व्यापक जन-समुदाय भी हिस्सा ले सकता था, अपने मत ज़ाहिर कर सकता था । इस तरह के मत-मतांतर से नए विचार उभरे । यह वह समय था जब समाज और धर्म-सुधारकों तथा हिन्दू रूढ़िवादियों के बीच विधवा-दाह, एकेश्वरवाद, ब्राह्मण पुजारीवर्ग और मूर्ति-पूजा जैसे मुद्दों को लेकर तेज़ बहस ठनी हुई थी । बंगाल में जैसे-जैसे बहस चली, लगातार बढ़ती तादाद में पुस्तिकाओं और अख़बारों के ज़रिए तरह-तरह के तर्क समाज के बीच आने लगे । ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचने के ख़याल से इन्हें आम बोलचाल की भाषा में छापा गया ।

(23.1) धार्मिक मसलों पर हुई बहस के किसी एक मुद्दे का विश्लेषण कीजिए ।

(23.2) इन बहसों में प्रिंट मीडिया की भूमिका की परख कीजिए ।

**24.** भारत में रबी शस्य ऋतु की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

**25.** भारत में संघवाद की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *1×3=3*

**26.** माँग जमाएँ किस प्रकार मुद्रा के महत्त्वपूर्ण लक्षणों को समाहित किए हुए हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

उधारदाता उधार देते समय समर्थक ऋणाधार की माँग क्यों करते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *3*

StudentSuvidha.com downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## SECTION B

**21.** How did culture play an important role in creating the idea of the nation ? Explain in the context of European Romanticism of the nineteenth century. *3*

**22.** "Minerals are an indispensable part of our lives." Support this statement with examples. *3*

**OR**

"Minerals occur in various forms." Support this statement with examples. *3*

**23.** Read the extract given below and answer the questions that follow : *1+2=3*

From the early nineteenth century, there were intense debates around religious issues. Different groups confronted the changes happening within colonial society in different ways, and offered a variety of new interpretations of the beliefs of different religions. Some criticised existing practices and campaigned for reform, while others countered the arguments of reformers. These debates were carried out in public and in print. Printed tracts and newspapers not only spread the new ideas, but they shaped the nature of the debate. A wider public could now participate in these public discussions and express their views. New ideas emerged through these clashes of opinions. This was a time of intense controversies between social and religious reformers and the Hindu orthodoxy over matters like widow immolation, monotheism, Brahmanical priesthood and idolatry. In Bengal, as the debate developed, tracts and newspapers proliferated, circulating a variety of arguments. To reach a wider audience, the ideas were printed in the everyday, spoken language of ordinary people.

(23.1) Analyse any one issue of intense debate around religious issues.

(23.2) Examine the role of print media in these debates.

**24.** State any three features of Rabi cropping season in India. *1×3=3*

**25.** State any three key features of federalism in India. *1×3=3*

**26.** How do demand deposits have the essential features of money ? Explain. *3*

**OR**

Why do lenders ask for collateral while lending ? Explain. *3*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

StudentSuvidha.com downloaded from

**27.** विविधताओं को समायोजित करने में बेल्जियम के मॉडल के तत्त्वों का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

सत्ता की साझेदारी में क्षैतिज प्रचलित स्वरूप का वर्णन कीजिए । *3*

**28.** मूलभूत स्तर पर सार्वजनिक क्षेत्रक की हालत बेहतर बनाने के लिए कोई तीन उपाय सुझाइए । *1×3=3*

## खण्ड ग

**29.** नीचे दिए गए स्रोतों को पढ़िए और उनसे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2+2=5*

**स्रोत A – वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था**

आज के विश्व में, उपभोक्ता के रूप में हम में से कुछ के सामने वस्तुओं और सेवाओं के विस्तृत विकल्प हैं । विश्व के शीर्षस्थ विनिर्माताओं द्वारा निर्मित डिजिटल कैमरे, मोबाइल फ़ोन और टेलीविज़न के नवीनतम मॉडल हमारे लिए सुलभ हैं । हमेशा भारत की सड़कों पर गाड़ियों के नए मॉडल देखे जा सकते हैं ।

**स्रोत B – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण**

विदेशी व्यापार घरेलू बाज़ारों अर्थात् अपने देश के बाज़ारों से बाहर के बाज़ारों में पहुँचने के लिए उत्पादकों को एक अवसर प्रदान करता है । उत्पादक केवल अपने देश के बाज़ारों में ही अपने उत्पाद नहीं बेच सकते हैं, बल्कि विश्व के अन्य देशों के बाज़ारों में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं । इसी प्रकार, दूसरे देशों में उत्पादित वस्तुओं के आयात से खरीददारों के समक्ष उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन के अन्य विकल्पों का विस्तार होता है ।

**स्रोत C – न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए संघर्ष**

विगत कुछ वर्षों में, बड़े अभियानों और जनसंगठनों के प्रतिनिधियों ने विश्व व्यापार संगठन के व्यापार और निवेश से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णयों को प्रभावित किया है । यह प्रदर्शित करता है कि जनता भी न्यायसंगत वैश्वीकरण के संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है ।



StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**27.** Describe the elements of Belgian model for accommodating diversities. *3*

**OR**

Describe the horizontal power sharing arrangements. *3*

**28.** Suggest any three ways to improve the condition of the public sector at grassroot level. *1×3=3*

## SECTION C

**29.** Read the sources given below and answer the questions related to them : *1+2+2=5*

**Source A – Globalisation and the Indian economy**

As consumers in today's world, some of us have a wide choice of goods and services before us. The latest models of digital cameras, mobile phones and televisions made by the leading manufacturers of the world are within our reach. Every season, new models of automobiles can be seen on Indian roads.

**Source B – Foreign trade and integration of markets**

Foreign trade creates an opportunity for the producers to reach beyond the domestic markets, i.e., markets of their own countries. Producers can sell their produce not only in markets located within the country but can also compete in markets located in other countries of the world. Similarly, for the buyers, import of goods produced in another country is one way of expanding the choice of goods beyond what is domestically produced.

**Source C – The struggle for fair globalisation**

In the past few years, massive campaigns and representation by people's organisations have influenced important decisions relating to trade and investments at the WTO. This has demonstrated that people also can play an important role in the struggle for fair globalisation.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(29.1) **स्रोत A – वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था**

वैश्वीकरण का प्रभाव उपभोक्ताओं पर कैसे दिखाई पड़ता है ?

(29.2) **स्रोत B – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण**

विदेशी व्यापार बाज़ारों को किस प्रकार एकीकृत करता है ? स्पष्ट कीजिए ।

(29.3) **स्रोत C – न्यायसंगत वैश्वीकरण के लिए संघर्ष**

न्यायसंगत वैश्वीकरण के संघर्ष में लोग कैसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

**30.** भारतीय रेल जाल के वितरण प्रतिरूप को प्रभावित करने वाले भू-आकृतिक और आर्थिक कारकों का वर्णन कीजिए । *5*

**अथवा**

सड़क परिवहन की बढ़ती महत्ता का वर्णन कीजिए । *5*

**31.** "लोकतंत्र में राजनीतिक दल एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।" कथन की पुष्टि उदाहरण सहित कीजिए । *5*

**32.** द्वितीय विश्व युद्धोत्तर बंदोबस्त में ब्रेटन वुड्स संस्थानों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

उन तरीकों की व्याख्या कीजिए जिनके द्वारा ब्रिटिश निर्माताओं ने सम्पूर्ण भारतीय बाज़ार पर कब्जा करने के प्रयास किए । *5*

**33.** "विभिन्न लोगों के विकास के विभिन्न लक्ष्य होते हैं ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *5*

**34.** "लोकतंत्र नागरिकों की गरिमा और आज़ादी को बढ़ावा देता है ।" कथन की परख कीजिए । *5*

**अथवा**

"लोकतंत्र बेहतर परिणाम देने के लिए सबसे उपयुक्त है ।" कथन की परख कीजिए । *5*

## खण्ड घ

**35.** (a) दो स्थान 'A' और 'B' दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में अंकित किए गए हैं । इन स्थानों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *1×2=2*

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ था ।

(B) वह स्थान जहाँ असहयोग आंदोलन को हिंसा के कारण बीच में रोकना पड़ा ।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(29.1) **Source A – Globalisation and the Indian economy**

How is the impact of globalisation visible on consumers ?

(29.2) **Source B – Foreign trade and integration of markets**

How does foreign trade integrate the markets ? Explain.

(29.3) **Source C – The struggle for fair globalisation**

How do people play an important role in the struggle for fair globalisation ? Explain.

**30.** Describe the physical and economic factors that influenced the distribution pattern of the Indian Railways network. *5*

**OR**

Describe the growing importance of road transport. *5*

**31.** "Political parties play an important role in democracy." Support the statement with examples. *5*

**32.** Explain the role of Bretton Woods institutions in post-Second World War settlement. *5*

**OR**

Explain the ways through which British manufacturers attempted to take over the Indian market. *5*

**33.** "Different people have different goals of development." Explain the statement. *5*

**34.** "Democracy promotes dignity and freedom of the people." Examine the statement. *5*

**OR**

"Democracy is best suited to produce better results." Examine the statement. *5*

## SECTION D

**35.** (a) Two places 'A' and 'B' are marked on the given political outline map of **India** (on page 19). Identify these places with the help of the following information and write their correct names on the lines marked near them : *1×2=2*

(A) The place where the Indian National Congress session was held in 1927.

(B) The place where the Non-Cooperation Movement ended abruptly due to violence.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(b) इसी दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : *1×4=4*

(i) हल्दिया — समुद्री पत्तन

(ii) पुणे — सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(iii) भिलाई — लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(iv) काकरापारा — आण्विक ऊर्जा संयंत्र

(v) हीराकुड — बाँध

(vi) इंदिरा गाँधी हवाई पत्तन — अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं । **किन्हीं छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

(35.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह किया ।

(35.2) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ असहयोग आंदोलन को हिंसा के कारण बीच में रोकना पड़ा ।

(35.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ ।

(35.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हल्दिया समुद्री पत्तन स्थित है ।

(35.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है ।

(35.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ काकरापारा आण्विक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(35.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ हीराकुड बाँध स्थित है ।

(35.8) भारत के सबसे उत्तरी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन का नाम लिखिए । *1×6=6*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(b) Locate and label ***any four*** of the following with appropriate symbols on the same given political outline map of **India** : *1×4=4*

(i) Haldia — Sea-port

(ii) Pune — Software Technology Park

(iii) Bhilai — Iron and Steel Plant

(iv) Kakrapara — Nuclear Power Plant

(v) Hirakud — Dam

(vi) Indira Gandhi Airport — International Airport

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 35. Attempt **any six** questions :*

(35.1) Name the State where the Indigo planters organized Satyagraha.

(35.2) Name the State where the Non-Cooperation Movement ended abruptly due to violence.

(35.3) Name the place where the Indian National Congress session was held in 1927.

(35.4) Name the State where Haldia sea-port is located.

(35.5) Name the State where Pune Software Technology Park is located.

(35.6) Name the State where Kakrapara Nuclear Power Plant is located.

(35.7) Name the State where Hirakud Dam is located.

(35.8) Name the northernmost International Airport of India. *1×6=6*


downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com




downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com